जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2016–17/62)**

दिनांक : 03.05.2016

## <u>रोड अण्डर ब्रिज कार्य के कारण यातायात प्रभावित</u>

***<u>04 मई को जयपुर–हिसार–जयपुर सवारी गाडी भिवानी तक ही संचालित होगी</u>***

रेलवे प्रशासन द्वारा बीकानेर मण्डल के भिवानी–बवानी खेडा रेल खण्ड पर रोड अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य के कारण **<u>दिनांक 04.05.16 बुधवार को</u>** 11.40 बजे से 15.40 बजे तक 04 घण्टे का ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इस ब्लॉक के कारण इस खण्ड पर संचालित रेल सेवाऐं प्रभावित रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार बीकानेर मण्डल के भिवानी–बवानी खेडा रेल खण्ड पर दिनांक 04.05.16 को एल सी नम्बर 62 पर रोड अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य के कारण ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। उपरोक्त कार्य के कारण इस रेल खण्ड पर उत्तर पश्चिम रेलवे की निम्न रेल सेवाऐं प्रभावित रहेंगीः–

1. गाडी संख्या 59721/59722, जयपुर–हिसार–जयपुर सवारी गाडी **<u>दिनांक 04.05.16 बुधवार को</u>** भिवानी–हिसार–भिवानी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। अर्थात् जयपुर–भिवानी–जयपुर के मध्य संचालित होगी।
2. गाडी संख्या 54751, रेवाडी–श्रीगंगानगर सवारी गाडी **<u>दिनांक 04.05.16 बुधवार को</u>** भिवानी स्टेशन पर 25 मिनट रेगुलेट रहेगी ।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**<u>नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।</u>**